आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 25.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में भारत के लोकतंत्र को दुनिया के लिए अनूठा उदाहरण बताया।
- राष्ट्र, कल 76वां गणतंत्र दिवस मनाएगा–नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर राष्ट्रीय समारोह होगा।
- गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह कल उदयपुर में–राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे–पूर्व संध्या पर आज 21 पुलिस कार्मिकों का सम्मान।
- राज्य में खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जुड़वाने के लिए पोर्टल कल से खुलेगा।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत लोकतंत्र की जननी है और दुनिया के लिए लोकतंत्र का अनूठा उदाहरण है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सुचारू चुनाव सुनिश्चित करने में अनुकरणीय प्रयासों के लिए राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ चुनावी कार्यपद्धति पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

...............

समारोह में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने भी शामिल हुए।
राष्ट्रीय मतदाता दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मतदाता जागरुकता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 35 कार्मिकों को सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री बागड़े ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने कहा कि मतदान में बहुत बड़ी ताकत है। श्री बागड़े ने युवा मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी से मतदान सूचियों में गलतियों को दूर करने में सहयोग देने को कहा। राज्यपाल ने मतदाताओं से अपना नाम एक ही स्थान की मतदाता सूची में रखने का आह्वान किया।

000

समारोह में राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस को विभिन्न जिलों में भी समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में सराहनीय योगदान देने वाले पर्यवेक्षकों, बीएलओ और अन्य कार्मिकों को सम्मानित किया गया। साथ ही नए पंजीकृत वोटर्स को मतदाता फोटो पहचान पत्र दिये गये।

000

राष्ट्र, कल 76वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। इस अवसर पर मुख्य समारोह नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित किया गया है। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मार्च पास्ट की सलामी लेंगी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हैं। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की थीम ''स्वर्णिम भारत–विरासत और विकास'' रखी गई है। समारोह में देश की विविधता को दर्शाती 31 झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।
राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए प्रदेश से भी विभिन्न क्षेत्र के लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसमें पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले भरतपुर के बच्चू सिंह वर्मा भी शामिल हैं। श्री वर्मा ने इस निमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया है।

000

पाली जिले के सोजत की आंगनबाड़ी में काम करने वाली आशा सहयोगिनी यशोमती देवी भी गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। उन्होंने भी राष्ट्रीय समारोह में जनभागीदारी बढ़ाने की सरकार की इस पहल को सराहा है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह कार्यक्रम अब से कुछ ही देर में शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण होगा। आकाशवाणी पर क्षेत्रीय भाषाओं में रात साढे नौ बजे से इस संबोधन का प्रसारण किया जायेगा। वहीं आकाशवाणी और दूरदर्शन कल कर्तव्य पथ से 76वें गणतंत्र दिवस परेड का लाइव कवरेज करेंगे। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क के साथ–साथ **ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स** पर भी किया जाएगा।
राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के संदेश का प्रसारण आकाशवाणी से कल सुबह नौ बजकर 10 मिनिट पर किया जाएगा। उदयपुर में होने वाले गणतंत्र दिवस के राज्य स्तरीय समारोह से पहले सहेलियों की बाड़ी में आज **एट होम** का आयोजन किया गया है। हमारे उदयपुर संवाददाता ने बताया कि इस अवसर पर राज्यपाल हरीभाऊ बागडे ने राजस्थान पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक से नवाज़ा।

000

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उदयपुर में ही फतेहसागर की पाल पर भारतीय सेना की शस्त्र प्रदर्शनी भी शुरू हुई। प्रदेश के सभी जिलों में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री और जिला कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सचिवालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। वहीं विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी झंडा रोहण करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान होगा। बैंड प्रदर्शन, सामूहिक व्यायाम और देशभक्ति से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। विभिन्न विभागों की झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अलावा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी और निजि कार्यालयों और सामाजिक संगठनों की ओर से भी गणतंत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

000

अलवर में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आज सैन्य मेला आयोजित हुआ। केन्द्रीय विद्यालय नम्बर एक के खेल मैदान में हुए इस मेले में सेना के हथियारों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल की ओर से रोमांचक करतब दिखाए गए। केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया।

000

राज्य सरकार खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जोड़ने जा रही है। इसके लिए पोर्टल कल 26 जनवरी से खुलेगा। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वंचित पात्र लोग अपना नाम योजना में ऑनलाइन जुड़वा सकेंगे। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति और परिवार खुद या ईमित्र के जरिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निशुल्क राशन प्राप्त करने के लिए नए नाम जोड़ने का पोर्टल भी कल से खुलेगा।

000

जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने उम्मीद जताई है कि ईआरसीपी की संशोधित परियोजना रामजल सेतू से प्रदेश का बड़ा क्षेत्र लाभान्वित होगा। आज भीलवाड़ा में पत्रकारों से बातचीत में श्री रावत ने कहा कि योजना से प्रदेश के 21 जिलों को फायदा होगा और लाखों हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा।

000

जयपुर में आज आदिवासी युवा आदान–प्रदान समारोह हुआ। जल, जंगल और ज़मीन पर केन्द्रित इस कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने भी शिरकत की। इस अवसर उन्होंने आदिवासी युवाओं की समृद्ध संस्कृति और आधुनिक सोच को लेकर एक साथ लेकर चलने पर जोर दिया। श्रीमती शर्मा ने कहा कि सबका साथ सबका विकास में आदिवासी युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में ओडिशा के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

000

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज धौलपुर में राजपूत छात्रावास में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर श्री शेखावत ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है। उनकी देशभक्ति और शौर्य से परिपूर्ण विरासत सभी का मार्गदर्शन करती है।

000